an>

Title:Need to compensate the farmers of Maharashtra for loss of their crop due to drought.

श्री गोपाल शेट्टी (मुम्बई उत्तर) : अध्यक्ष महोदया, महाराÂट्र भौगोलिक दÂिट से दूसरा सबसे बड़ा राज्य है। इस राज्य को पिछले काफी समय से संकट का सामना करना पड़ रहा है। जिससे कृÂिा फसल बुरी तरह से प्रभावित हो रही है और किसान भी भूखे मरने की स्थिति में पहुंच रहे हैं। महाराÂट्र राज्य में किसानों ने बहुत बड़ी तादाद में कृÂिा फसल बरबाद होने के कारण अपनी जान दी है। वÂान 2011-2012 में राज्य के विदर्भ, मराठवाड़ा और उत्तरी महाराÂट्र के कई हिस्सों में खरीफ के सीजन में फसल बुरी तरह प्रभावित हुई है। वÂान 2014-2015 में भी राज्य के 353 ब्लाकों में से 219 ब्लाक जो 26 जिलों के अंतर्गत आते हैं, बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

अतः मेरा आपके माध्यम से केंद्र सरकार से अनुरोध है कि माननीय कृÂिा मंत्री भारत सरकार के साथ महाराÂट्र राज्य के सांसदों की दिनांक 16 फरवरी, 2015 को सह्याद्री मुम्बई में हुई बैठक में महाराÂट्र राज्य की जिन कृÂिा संबंधी समस्याओं पर चर्चा हुई थी, उनके निराकरण हेतु सकारात्मक कदम उठाने का कÂट करें। मैं देश के कृÂिा मंत्री और प्रधानमंत्री जी को इस बात के लिए भी धन्यवाद देता हूं कि आजादी के बाद पहली बार किसानों की मदद करने के लिए नियमों में बहुत बदलाव किए हैं और राहत पहुंचाने का काम बहुत बड़े पैमाने पर किया है।